आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिला के देहरा विधानसभा क्षेत्र में सौ करोड़ रूपए की लागत की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बनखंडी में छः सौ 19 करोड़ रूपए की लागत से अंतर्राष्ट्रीय स्तर का दुर्गेश अरण्य वन्य प्राणी उद्यान बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस उद्यान के पहले चरण में एक सौ 50 करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उद्यान से पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन के अलावा स्थानीय लोगों को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर भारत के आतंकवाद के खिलाफ सैद्धांतिक और दृढ़ रुख के अनुरूप, कई सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विश्व के कई देशों का दौरा कर रहे हैं। ये प्रतिनिधिमंडल अपने अंतरराष्ट्रीय संपर्क के तहत विदेशी नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों, प्रभावशाली थिंक टैंक, मीडिया और प्रवासी भारतीयों से संपर्क कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अल्जीमरिया, सऊदी अरब, कुवैत और बहरीन की सफल यात्रा से आज सुबह स्वदेश लौटा। दो और प्रतिनिधिमंडल भी आज वापिस भारत लौटेंगे। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में बैजयंत पांडा ने इस दौरे को सफल बताया और कहा कि जिन देशों की उन्होंने यात्रा की है, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ये देश भारत की चिंताओं को समझते हैं और उन्हें किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। बैजयंत पांडा ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अहिंसा के सिद्धांत में भरोसा रखता है।

प्रतिनिधिमंडल की यात्रा का उद्देश्य पहलगाम में आतंकवादी हमले और आतंकवाद के प्रति भारत की प्रतिक्रिया के बारे में तथ्यों को साझा करना था।

जनता दल यूनाइटेड के सांसद संजय कुमार के नेतृत्व में एक और प्रतिनिधिमंडल भी आज शाम वापस लौटेगा। इससे पहले, आज उन्होंने मलेशिया की विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर संसदीय विशेष समिति के साथ बैठक की। उन्होंने प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष से भी मुलाकात की। अपनी यात्रा के दौरान, प्रतिनिधिमंडलों ने आतंकवाद के सभी प्रारूपों के खिलाफ भारत की कतई बर्दाश्तल न करने की नीति का कड़ा संदेश दिया। इस बीच, कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्राजील में वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें की।

भाजपा

भारतीय जनता पार्टी आने वाले दिनों में विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल मनाने के साथ–साथ कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने आज शिमला में बताया कि पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस, 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और 25 जून को आपातकाल के काले अध्याय के 50वें वर्ष जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन सभी कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने दो अलग–अलग समितियों का गठन किया है। त्रिलोक कपूर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल– संकल्प सिद्धि तक कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंद कुमार बनाए गए हैं।

फ्लावर शो

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर इन दिनों अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव की धूम है। उत्सव के दौरान जहां कई सांस्कृतिक कार्यक्रम लोंगों के आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं वहीं जिला प्रशासन के सहयोग से सेजिज संस्था द्वारा आयोजित फ्लावर शो भी पर्यटकों व स्थानीय लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। तीन दिन तक चलने वाले फ्लावर शो में बागवानी, लोक निर्माण विभाग और अन्य संगठन व फूलों की खेती करने वाले किसान भाग ले रहे हैं।

शहीद

सिरमौर जिले में नाहन उपमंडल के बड़ाबन गांव के 27 वर्षीय लांस नायक मनीष ठाकुर बीते एक जून को सिक्किम के छतैन में भूस्खलन की चपेट में आने से देश के लिए शहीद हो गए थे।